C

Sr. No. 277775

# Paper – II
# (Hindi)

**Maximum Marks : 150** **Time : 2:30 pm to 5:00 pm**

**Name :** ______________________________

______________________
**(Signature of the Candidate)**

**Roll No. (In Figures)** ______________________

**Roll No. (In Words)** ______________________

## : INSTRUCTIONS :

1. All questions in the Test are **multiple choice questions.**
2. Each question carries **one mark,** with **four** alternatives out of which one answer is **correct.**
3. There will be **no negative** marking.
4. Use only **BLUE/BLACK Ball Point Pen** to darken the appropriate oval.
5. Mark your response only at the appropriate space against the number corresponding to the question while answering on the **OMR Response Sheet.**
6. Marking more than one response shall be treated as **wrong response.**
7. Mark your response by **completely darkening** the relevant oval. The Mark should be dark and the oval should be completely filled.
8. Use of calculator, Mobile is strictly prohibited and use of these shall lead to disqualification.
9. The candidate **MUST remove the last Carbon copy (Candidate's copy) of OMR after completion of Test.**

1. हिन्दी साहित्य में हालावाद का आगमन किसके प्रभाव से माना गया है ?
(a) फारसी साहित्य
(b) अंग्रेजी साहित्य
(c) उर्दू साहित्य
(d) रूसी साहित्य

2. निम्नलिखित में से कौन प्रगतिवादी कवि नहीं हैं ?
(a) अज्ञेय
(b) सुमित्रानंदन पंत
(c) निराला
(d) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

3. वह साहित्यकार, जिसने नयी कविता के रूप में नए-नए नामों को सूचीबद्ध करते हुए 45 नामों का उल्लेख किया :
(a) मुक्तिबोध
(b) शमशेर बहादुर सिंह
(c) जगदीश गुप्त
(d) रामविलास शर्मा

4. विद्यापति ने अपनी किस कृति को 'कहाणी' कहा है ?
(a) भू-परिक्रमा
(b) पदावली
(c) कीर्तिपताका
(d) कीर्तिलता

5. 'पृथ्वीरास रासो' को शुक–शुकी संवाद के रूप में रचित मानने वाले आलोचक हैं
(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(c) कर्नल टाड
(d) डॉ. रामकुमार वर्मा

6. जायसी के किस काव्य में देवनागरी वर्णमाला के एक-एक अक्षर को लेकर सैद्धांतिक बातें कही गई हैं ?
(a) आखिरी कलाम
(b) अखरावट
(c) मधुमालती
(d) इनमें से कोई नहीं

7. आचार्य शुक्ल ने किस सूफी कवि को सूफी काव्य परम्परा का पहला कवि माना है ?
(a) मंझन
(b) जायसी
(c) मुल्ला दाऊद
(d) कुतुबन

8. डॉ. रामकुमार वर्मा ने किसे सूफी काव्य परम्परा का प्रथम कवि माना ?
(a) जायसी
(b) नूर मुहम्मद
(c) मुल्ला दाऊद
(d) कुतुबन

9. "यदि प्रबंधकाव्य एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक चुना हुआ गुलदस्ता" किसकी पंक्ति है ?
(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी
(c) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) भामह

10. कृष्ण भक्ति शाखा की दार्शनिक पीठिका तैयार करने वाले आचार्य हैं
(a) रामानुज
(b) विट्ठलनाथ
(c) मध्वाचार्य
(d) वल्लभाचार्य

11. तुलसीदास की भक्ति किस भाव की है ?
(a) निर्वेद भाव
(b) दास्य भाव
(c) माधुर्य भाव
(d) सख्य भाव

12. “कलि कुटिल जीवन विस्तार हित वाल्मीकि तुलसी भयो”– पंक्ति किसकी है ?

(a) तुलसीदास (b) नाभादास

(c) अग्रदास (d) केशवदास

13. रामचरित मानस में ‘वक्ता-श्रोता’ युग्म कितने हैं ?

(a) सात (b) चार

(c) दो (d) पाँच

14. मिश्रबंधुओं ने उत्तर मध्यकाल को क्या नाम दिया ?

(a) रीतिकाल (b) कलाकाल

(c) शृंगार काल (d) अलंकृत काल

15. बिहारी के दोहों पर किसका प्रभाव माना जाता है ?

(a) कालिदास हजारा (b) गाथा सप्तशती

(c) छत्रसाल दशक (d) आर्य सप्तशती

16. ‘शिवशंभु का चिट्ठा’ व्यंग्यात्मक निबंध के रचनाकार हैं

(a) किशोरी लाल गोस्वामी (b) श्रीधर पाठक

(c) बालमुकुंद गुप्त (d) प्रतापनारायण मिश्र

17. ‘देवरानी जेठानी की कहानी’ किसका उपन्यास है ?

(a) सुदर्शन (b) पंडित गौरीदत्त

(c) श्रद्धाराम फुल्लौरी (d) गोपालराम गहमरी

18. ‘पंत और पल्लव’ किसकी कृति है ?

(a) निराला (b) पंत

(c) प्रसाद (d) इनमें से कोई नहीं

19. ‘कर्बला’ नाटक के रचयिता हैं

(a) हरिकृष्ण प्रेमी (b) प्रसाद

(c) प्रेमचंद (d) विष्णु प्रभाकर

20. गीतिनाट्यों को भावनाट्यों की संज्ञा किसने दी ?

(a) नगेन्द्र (b) नंददुलारे वाजपेयी

(c) नामवर सिंह (d) नलिन विलोचन शर्मा

21. कौन सा तत्त्व सामान्य लेख से निबंध को अलग करता है ?

(a) गांभीर्य (b) सामाजिकता

(c) भावुकता (d) लालित्य

22. नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है ?

(a) बावरा (b) व्योमकेश

(c) वैद्यनाथ मिश्र (d) धनपत राय

23. 'एक इंच मुस्कान' उपन्यास है, मन्नू भंडारी और
(a) मृणाल पाण्डेय का (b) धर्मवीर भारती का
(c) राजेन्द्र यादव का (d) रामदरश मिश्र का

24. 'राग–दरबारी' उपन्यास किस शैली में लिखा गया है ?
(a) डायरी शैली (b) पत्र शैली
(c) रिपोर्ताज शैली (d) आत्मकथात्मक शैली

25. 'मादा कैक्टस' के लेखक हैं
(a) गोविन्द वल्लभ पंत (b) भुवनेश्वर
(c) निर्मल वर्मा (d) लक्ष्मी नारायण लाल

26. 'पैरी पोइतिकेस' किसी रचना है ?
(a) अरस्तू (b) प्लेटो
(c) लोंजाइनस (d) एडलर

27. 'परम्परा का सिद्धांत' किस आलोचक ने दिया ?
(a) अरस्तू (b) लोंजाइनस
(c) होरेस (d) टी.एस. इलियट

28. मूल्य-सिद्धांत के प्रस्तोता हैं
(a) होरेस (b) रिचर्ड्स
(c) लोंजाइनस (d) क्रोच

29. अरस्तू के परवर्ती व्याख्याकारों' ने 'विरेचन' का अर्थ नहीं किया है
(a) कला परक (b) धर्म परक
(c) अर्थ परक (d) नीति परक

30. प्लेटो के संपूर्ण चिंतन का मुख्य उद्देश्य है
(a) आदर्श राज्य–निर्माण (b) आदर्श काव्य–निर्माण
(c) आदर्श–कवि–निर्माण (d) आदर्श अनुकरण सिद्धांत

31. निम्नलिखित में से किस कृति का आरंभ 'कामायनी' की भाँति प्रलय–वर्णन से हुआ और कामायनी ही की भाँति मानवता के आदर्श और मानव सृष्टि के भविष्य को सांस्कृतिक तथा दार्शनिक धरातल प्रदान किया गया ?
(a) ऋतंवरा (b) महामानव
(c) आत्मजयी (d) संशय की एक रात

32. 'स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बना दी जाती है' – किसकी उक्ति है ?
(a) मैरी एलमन (b) सिमोन–द–वऊवा
(c) वर्जीनिया वुल्फ (d) जूलिया क्रिस्टीवा

33. एक साहित्यिक सैद्धांतिकी के रूप में संरचनावाद का उद्‌गम है
(a) कला से (b) राजनीति से
(c) दर्शन से (d) भाषिकी से

34. प्राणत्व के आधार पर हिन्दी व्यंजनों के प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ व्यंजन क्या है ?
(a) अघोष
(b) घोष
(c) अल्पप्राण
(d) महाप्राण

35. ओष्ठों की स्थिति के आधार पर उ, ऊ, ओ, औ स्वर क्या हैं ?
(a) अग्र स्वर
(b) वृत्तमुखी
(c) अवृत्तमुखी
(d) मध्य स्वर

36. अर्द्धस्वर व्यंजन कौन से हैं ?
(a) ष, स
(b) य, व्
(c) ल्, ह
(d) य र ल व

37. साक्षात् संकेतित अर्थ जिसे मुख्य अर्थ भी कहा जाता है, उसका बोध कराने वाली शक्ति को कहते हैं :
(a) अभिधा
(b) अभिनय
(c) रूढ़लक्षणा
(d) प्रयोजनवर्ती लक्षणा

38. 'अस्तित्ववाद' भाव तथा विचार के प्रति जीवन का विद्रोह है' – किसकी धारणा है ?
(a) हेडेगर
(b) एमानुअल मौनियर
(c) जूलियन बेन्द्रा
(d) ऐलेन

39. भरत ने कितने काव्य लक्षणों की चर्चा की है ?
(a) 5
(b) 33
(c) 2
(d) 36

40. वामन के काव्य हेतु के लिए किस शब्द का व्यवहार किया है ?
(a) काव्य कर्म
(b) काव्य निर्माण
(c) काव्य कारण
(d) काव्यांग

41. सुनीति कुमार चटर्जी ने खड़ी बोली के लिए किस शब्द का व्यवहार किया ?
(a) स्टैण्डर्ड हिन्दुस्तानी
(b) जनपदीय हिन्दुस्तानी
(c) शुद्ध हिन्दुस्तानी
(d) परिष्कृत हिन्दुस्तानी

42. किसी व्यक्ति द्वारा अपने जीवन को आधार बनाकर लिखे साहित्य को कहते हैं
(a) रिपोर्ताज
(b) जीवनी
(c) आत्मकथा
(d) संस्मरण

43. वीभत्स रस का स्थायी भाव क्या है ?
(a) जुगुप्सा
(b) असूया
(c) निर्वेद
(d) जंगम

44. द्वैतवाद के प्रवर्त्तक हैं
(a) शंकराचार्य
(b) निम्बार्काचार्य
(c) रामानुजाचार्य
(d) मध्वाचार्य

45. ध्वनि सिद्धांत निम्नलिखित में किस पर आधारित है ?
(a) अब्सर्ड
(b) स्फोट
(c) अस्फुट
(d) विसंगति

46. 'इड', ईगो और सुपरईगो का संबंध है
(a) मनोविश्लेषणवाद से
(b) संकेतविज्ञान से
(c) संरचनावाद से
(d) यथार्थवाद से

47. 'क्या अमरों का लोक मिलेगा तेरी करूणा का उपहार रहने दे हे ! देव अरे ! ये मेरे मिटने का अधिकार'' किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) महादेवी वर्मा
(c) सुभद्राकुमारी चौहान
(d) माखनलाल चतुर्वेदी

48. निम्नलिखित में कौन युद्ध संबोधित कृति नहीं है ?
(a) कुरुक्षेत्र
(b) उन्मुक्त
(c) आर्यावर्त्त
(d) नाश और निर्माण

49. हिस्टोरिकल ग्रामर ऑफ अपभ्रंश के लेखक हैं
(a) डॉ. तगारे
(b) डॉ. याकोबी
(c) मैक्समूलर
(d) जॉर्ज ग्रियर्सन

50. पैशाची अपभ्रंश का एक अन्य नाम है
(a) दरद
(b) शौरसेनी
(c) केकय
(d) लाटी

51. लोंजाइनस ने उदात्त के कितने स्रोत माने हैं ?
(a) सात
(b) पाँच
(c) चार
(d) छह

52. "अनुकरण सत्य से तिगुणा दूर है" – किसने कहा ?
(a) अरस्तू
(b) प्लेटो
(c) इलियट
(d) इनमें से कोई नहीं

53. भवभूति ने 'रसराज' की उपमा किसे दी ?
(a) करुण रस को
(b) शृंगार रस को
(c) शांत रस को
(d) भक्ति रस को

54. राहुल सांकृत्यायन ने सरहपा का समय क्या माना है?
(a) सन् 768
(b) सन् 763
(c) सन् 765
(d) सन् 769

55. अवहट्ठ को 'देसिल बयना' किसने कहा ?
(a) स्वयंभू ने
(b) चन्दबरदाई ने
(c) विद्यापति ने
(d) अमीर खुसरो ने

56. अपभ्रंश को कहा गया है

(a) उकार बहुला
(b) ओकार बहुला
(c) इकार बहुला
(d) इनमें से कोई नहीं

57. हिन्दी की कितनी उपभाषाएँ हैं ?

(a) पाँच
(b) तीन
(c) चार
(d) दो

58. तत्सम् शब्द हैं

(a) देशी भाषाओं के हिन्दी में आए शब्द
(b) सीधे संस्कृत से हिन्दी में आए शब्द
(c) विदेशी भाषाओं के हिन्दी में आए शब्द
(d) संस्कृत के शब्द

59. मानक हिन्दी का आधार बताइए ।

(a) पूरबिया हिन्दी
(b) खड़ी बोली
(c) परिनिष्ठित हिन्दी
(d) अपभ्रंश

60. अपभ्रंश में निम्नलिखित में से किन शब्दों का बाहुल्य है ?

(a) तत्सम्
(b) तद्‌भव
(c) अनुकरणात्मक
(d) विदेशी

61. टी.एस. इलियट मूलतः थे

(a) ब्रिटिश
(b) फ्रांसीसी
(c) अमरीकी
(d) जर्मनी

62. अस्तित्ववाद की विशेषता नहीं है

(a) एकांतिकता
(b) विशृंखलता
(c) अजनबीपन
(d) सामाजिकता

63. अग्रप्रस्तुती प्रतिमान किसका है ?

(a) मार्क्सवाद का
(b) शैली विज्ञान का
(c) संरचनावाद का
(d) इनमें से कोई नहीं ।

64. उत्तर आधुनिकता केन्द्रित है

(a) सत्ता के नकार पर
(b) सत्ता की आकांक्षा पर
(c) सत्ता के केन्द्रीकरण पर
(d) सत्ता के विकेन्द्रीकरण पर

65. शैली विज्ञान के लिए 'रीति विज्ञान' नाम किसने सुझाया ?

(a) विद्यानिवास मिश्र
(b) राममूर्ति त्रिपाठी
(c) बाबू गुलाबराय
(d) इनमें से कोई नहीं

66. "शैली विचलन है" – किसका कथन है?

(a) बैनीसन ग्रे
(b) हैलिड
(c) याकोब्सन
(d) मार्टिने

67. शैली विज्ञान कहते हैं
(a) स्टायलिस्टिकस को
(b) स्टायलोलॉजी को
(c) स्टायलोमीट्रिक को
(d) इनमें से कोई नहीं

68. क्षेमेन्द्र की रचना है
(a) वक्रोक्तिजीवितम
(b) सरस्वती कण्ठाभरण
(c) कविकण्ठाभरण
(d) अलंकार सर्वस्व

69. पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ हैं
(a) मालवी, कौरवी, बघेली
(b) मेवाती, बुंदेली, कन्नौजी
(c) भोजपुरी, मगही, मैथिली
(d) छत्तीसगढ़ी, अवधी, बघेली

70. "अपने-अपने पिंजरे" के लेखक हैं
(a) अंजलि काजल
(b) ओम प्रकाश वाल्मीकि
(c) मोहनदास नैमिशराय
(d) इनमें से कोई नहीं

71. पहला 'तार सप्तक' किस नाम से प्रकाशित हुआ ?
(a) पहला तार सप्तक
(b) तार सप्तक
(c) पहला सप्तक
(d) इनमें से कोई नहीं

72. कामाध्यात्म की भावभूमि पर आधारित ग्रंथ है
(a) कामायनी
(b) उर्वशी
(c) आत्मजयी
(d) रश्मिरथी

73. लिंग, वचन और कारक को निम्नलिखित में से किसकी कोटियाँ कहा गया है?
(a) क्रिया
(b) विशेषण
(c) सर्वनाम
(d) संज्ञा

74. मानक हिन्दी में स्वरों की संख्या है
(a) 15
(b) 11
(c) 9
(d) 8

75. अव्यय क्या है ?
(a) अविकारी शब्द
(b) संज्ञा शब्द
(c) व्यय होने वाले शब्द
(d) इनमें से कोई नहीं

76. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी ?
(a) आठवीं अनुसूची
(b) अनुच्छेद-346
(c) अनुच्छेद-343
(d) संविधान के 58वें संशोधन अधिनियम द्वारा

77. 'पद्मावत' की रचना किस शासक के काल में हुई ?

(a) अकबर
(b) जहाँगीर
(c) शेरशाह सूरि
(d) औरंगज़ेब

78. "एक नार ने अचरज किया" "साँप मार पिंजरे में दिया" किसकी पंक्तियाँ हैं?

(a) अमीर खुसरो
(b) विद्यापति
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(d) चंदबरदाई

79. 'कयमास–वध' प्रसंग किस रचना में है ?

(a) पद्मावत
(b) कीर्तिलता
(c) रामचरित मानस
(d) पृथ्वीराज रासो

80. आदिकाल को 'अपभ्रंश काल' किसने कहा ?

(a) राहुल सांकृत्यायन
(b) धीरेन्द्र वर्मा
(c) डॉ. रामकुमार वर्मा
(d) ग्रियर्सन

81. हिन्दी भाषा में लिखा गया हिन्दी साहित्य का पहला इतिहास है :–

(a) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास
(b) द मॉडर्न वर्नेक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान
(c) मिश्रबंधु विनोद
(d) शिवसिंह सरोज

82. महावीरप्रसाद द्विवेदी ने आदिकाल को क्या संज्ञा दी ?

(a) आदिकाल
(b) वीरगाथा काल
(c) बीजवपन काल
(d) चारणकाल

83. "आदिसरलीकरण के रूप में मैं उत्तरआधुनिक को महाख्यान के प्रति अविश्वास के रूप में परिभाषित करता हूँ"–किसका कथन है ?

(a) फूको
(b) ल्योतार्द्र
(c) टॉयन्बी
(d) बौद्रिया

84. 'तुलसीदास' खंडकाव्य के रचयिता हैं :

(a) निराला
(b) तुलसी
(c) रामधारीसिंह दिनकर
(d) मैथिलीशरण गुप्त

85. डॉ. रामकुमार वर्मा ने 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में कौन सी कालावधि तक का चित्रण किया है ?

(a) 875 ई. से 1850 ई. तक
(b) सम्वत् 1075 से सम्वत् 1900 तक
(c) 693 ई. से 1693 ई. तक
(d) 950 ई. से 1950 ई. तक

86. "कवियों के परिचयात्मक विवरण मैंने प्रायः 'मिश्रबंधु विनोद' से ही लिए हैं" –किसका कथन है ?

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(c) शिवसिंह सेंगर
(d) रामचंद्र शुक्ल

87. पहाड़ी हिन्दी उपभाषा का विकास हुआ है

(a) खस से
(b) मागधी से
(c) शौरसेनी से
(d) ब्राचड़ से

88. 'ढूँढ़ाणी' किसे कहते हैं ?

(a) जयपुरी
(b) मारवाड़ी
(c) मेवाती
(d) बघेली

89. 'खड़ी बोली' को 'मर्दानी भाषा' किसने कहा है ?

(a) भारतेन्दु
(b) ग्रियर्सन
(c) हार्नले
(d) सुनीति कुमार चटर्जी

90. देवनागरी का मानकीकरण कब और किसने किया ?

(a) 1948 ई., राजभाषा आयोग
(b) 1966 ई., केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
(c) 1950 ई., नागरी प्रचारिणी सभा
(d) 1975 ई., संघ लोक सेवा आयोग

91. "भक्ति आन्दोलन न तो तद्‌युगीन पराजित हिन्दू जाति की निराशा से उद्वेलित है और न ही इस्लाम की प्रतिक्रिया है"–किसकी उक्ति है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) बाबू गुलाबराय
(d) गणपतिचन्द्र गुप्त

92. उत्तर अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी किसने कहा ?

(a) आचार्य चतुरसेन शास्त्री
(b) ग्रियर्सन
(c) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(d) इनमें से कोई नहीं

93. 'चौरासी वैष्णव की वार्ता' के लेखक हैं

(a) नाभादास
(b) गोकुलदास
(c) नंददास
(d) छीतस्वामी

94. 'हिन्दी नवरत्न' के लेखक हैं

(a) शिवसिंह सेंगर
(b) श्यामसुंदर दास
(c) बद्रीनाथ भट्ट
(d) मिश्रबंधु

95. शिवसिंह सेंगर और ग्रियर्सन के साहित्येतिहास ग्रंथों के लिए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस शब्द का प्रयोग किया ?

(a) वृत्त संदर्भ संग्रह
(b) वृत्त संग्रह
(c) संदर्भ संग्रह
(d) साहित्य संदर्भ वृत्त

96. 'पृथ्वीराज रासो' को किसने सर्वप्रथम विवादास्पद घोषित किया था ?

(a) मैक्समूलर
(b) मोतीलाल मेनारिया
(c) डॉ. बूलर
(d) कर्नलटाड

97. 'पृथ्वीसज रासो' को हिन्दी का पहला महाकाव्य किसने माना और इसमें अध्यायों का क्या नाम है?
(a) आचार्य शुक्ल, समय
(b) आचार्य द्विवेदी, संकल्प
(c) गौरीचंद, हीराचंद ओझा, सर्ग
(d) इनमें से कोई नहीं

98. निम्न में से कौन अर्थ परिवर्तन की दिशा नहीं है ?
(a) अर्थ–संकोच
(b) अर्थापकर्ष
(c) अर्थादेश
(d) अर्थ–नियोजन

99. भारतीय सूफ़ी मुख्यतः किस संप्रदाय से संबंधित माने जाते हैं ?
(a) इबादत
(b) विद्ध
(c) बेशरा
(d) वारकरी

100. 'प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी' किसकी काव्यपंक्ति है ?
(a) सूरदास
(b) तुलसीदास
(c) रैदास
(d) गुरु नानक

101. "जायसी सूफ़ियों के अद्वैतवाद तक ही नहीं रहे हैं, वेदांत के अद्वैतवाद तक भी पहुँचे हैं" – किसकी उक्ति है?
(a) ग्रियर्सन
(b) आचार्य द्विवेदी
(c) आचार्य शुक्ल
(d) रामकुमार वर्मा

102. 'चांदायन' को दूसरे किस नाम से भी स्वीकार किया जाता है ?
(a) बारहमासा
(b) आल्हखंड
(c) फागु
(d) लोरकथा

103. 'चंद हसीनों ने खतूत' किसकी रचना है ?
(a) पांडेय बेचन शर्मा उग्र
(b) मुंशी सदासुख लाल
(c) शिवपूजन सहाय
(d) चतुरसेन शास्त्री

104. निम्न में से कौन सा उपन्यास ऐतिहासिक नहीं है ?
(a) पुनर्नवा
(b) मृगनयनी
(c) संन्यासी
(d) सिंह सेनापति

105. 'खंजन नयन' किस प्रकार का उपन्यास है ?
(a) पत्रात्मक
(b) जीवनीपरक
(c) आत्मकथात्मक
(d) इनमें से कोई नहीं

106. अंधायुग की विधा है
(a) काव्य नाटक
(b) कथा काव्य
(c) कथा नाट्य
(d) इनमें से कोई नहीं

107. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का सैद्धांतिक आलोचना संबंधी ग्रंथ है
(a) चिंतामनि
(b) रस–मीमांसा
(c) त्रिवेणी
(d) जायसी ग्रंथावली

108. हिन्दी रेखाचित्र का जनक किसे माना जाता है?
(a) महादेवी वर्मा
(b) देवेन्द्र सत्यार्थी
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी
(d) पद्म सिंह शर्मा

109. हिन्दी में रिपोर्ताज के प्रथम हस्ताक्षर कौन माने जाते हैं ?
(a) अमृतलाल नागर
(b) विष्णु प्रभाकर
(c) शिवदान सिंह चौहान
(d) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर

110. जो व्यक्ति, वस्तु या परिस्थितियाँ स्थायी भाव को जागृत करती हैं उन्हें कहते हैं
(a) संचारी
(b) उत्प्रेरक
(c) अनुभाव
(d) विभाव

111. संचारी भावों की संख्या कितनी है ?
(a) 8
(b) 33
(c) 35
(d) 9

112. भरतमुनि कृत 'नाट्यशास्त्र' में निम्नलिखित में से किस अलंकार का उल्लेख नहीं मिलता ?
(a) श्लेष
(b) यमक
(c) उपमा
(d) दीपक

113. जहाँ एक शब्द अनेक बार आए और उसके अर्थ भिन्न–भिन्न हों, वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?
(a) श्लेष
(b) दृष्टांत
(c) अनुप्रास
(d) यमक

114. हिन्दी में रीतिसिद्धांत के प्रथम प्रस्तोता आचार्य हैं :
(a) केशवदास
(b) कुलपति मिश्र
(c) देव
(d) पद्माकर

115. 'साधारणीकरण' का सिद्धांत किसकी देन है ?
(a) भट्ट नायक
(b) भट्ट लोल्लट
(c) शंकुक
(d) अभिनव गुप्त

116. अनुकरण सिद्धांत के प्रणेता हैं
(a) क्रोच
(b) रिचर्डस
(c) अरस्तू
(d) कॉलरिज

117. साहित्य ज्ञान राशि का संचित कोश है'– किसकी उक्ति है ?
(a) आचार्य शुक्ल
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(d) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

118. रससूत्र के व्याख्याकारों का सही अनुक्रम क्या है ?
(a) शंकुक, भट्ट नायक, भट्ट लोल्लट, अभिनव गुप्त
(b) अभिनव गुप्त, शंकुक, भट्ट लोल्लट, भट्ट नायक
(c) भट्ट लोल्लट, शंकुक, भट्ट नायक, अभिनव गुप्त
(d) भट्ट लोल्लट, भट्ट नायक, शंकुक, अभिनव गुप्त

119. अनुवाद करते समय जिस भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया जाता है, उसे कहते हैं

(a) स्त्रोत भाषा
(b) अन्य भाषा
(c) दूसरी भाषा
(d) लक्ष्य भाषा

120. विद्वानों के अनुसार अनुवाद करते समय निम्नलिखित में से क्या अनिवार्य है ?

(a) समतुल्यता
(b) समरसता
(c) समासोक्ति
(d) इनमें से कोई नहीं

121. अनवुाद में 'शब्द के लिए शब्द' सिद्धांत का विरोध निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किसने किया ?

(a) कैटफोर्ड
(b) मार्टिन लूथर
(c) एलन टेट
(d) नाइडा

122. आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का विकास किससे हुआ ?

(a) रोमन से
(b) द्रविड़ से
(c) अपभ्रंश से
(d) इनमें से कोई नहीं

123. ऊष्म वर्ण कौन से हैं ?

(a) श, ष, स, ह
(b) य, र, ल, व
(c) स, त्र, ज्ञ
(d) क, च, ट, त

124. 'भाषा मुंशी' के नाम से विख्यात हैं

(a) लल्लू लाल
(b) सितारे हिन्द
(c) मुंशी प्रेमचंद
(d) सदल मिश्र

125. 'विभाषा' कहते हैं

(a) विक्षिप्त भाषा को
(b) विशिष्ट भाषा को
(c) बोली को
(d) इनमें से कोई नहीं

126. निम्नलिखित में से कौन सा लक्षण अवधी का नहीं है ?

(a) 'य' के स्थान पर 'ज' का प्रयोग
(b) 'व' के स्थान पर 'ब' का प्रयोग
(c) 'ड़' के स्थान पर 'र' का प्रयोग
(d) 'न' के स्थान पर 'ण' का प्रयोग

127. 'अवधी' का पर्याय है

(a) पूरबिया
(b) कोसली
(c) देहाती
(d) बघेली

128. 'खड़ी बोली' को कौरवी किसने कहा?

(a) राहुल सांकृत्यायन
(b) ग्रियर्सन
(c) गिलक्राइस्ट
(d) सुनीति कुमार चटर्जी

129. ओली > भोरी, बादल > बादर, काला > कारौ, साँवला > साँवरों आदि निम्नलिखित में से किसके लक्षण हैं ?

(a) मगही के
(b) बांगरू के
(c) कौरवी के
(d) ब्रज के

130. निम्नलिखित में से किसने 'ङ', 'ञ' स्थान पर अनुस्वार के प्रयोग का सुझाव दिया था ?
(a) श्रीनिवास
(b) काकाकालेलकर
(c) श्यामसुंदर दास
(d) राममोहन राय

131. केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो सम्बन्धित है
(a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग से
(b) गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग से
(c) शिक्षा मंत्रालय के अनुवाद विभाग से
(d) प्राविधिक शिक्षा मंत्रालय से

132. संयुक्त प्रांत के राजभाषा के रूप में हिन्दी को उर्दू के बराबर अधिकार कब मिला ?
(a) 1850 ई. में
(b) 1910 ई. में
(c) 1901 ई. में
(d) 1947 ई. में

133. राजभाषा के रूप में हिन्दी के क्रियान्वयन के लिए निम्नलिखित में से किसकी अध्यक्षता में 'केन्द्रीय हिन्दी समिति' गठित की गई है ?
(a) राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) उप-राष्ट्रपति
(d) गृहमंत्री

134. राजभाषा के रूप में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने और इसके प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एक त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित हो रही है, उसका नाम है
(a) राजभाषा भारती
(b) राजभाषा हिन्दी
(c) राजभाषा प्रसार
(d) राजभाषा प्रबोध

135. निम्नलिखित में अमानक प्रयोग कौन सा है ?
(a) करिए
(b) करिएगा
(c) करा
(d) उपर्युक्त सभी

136. 'मिश्रबंधु विनोद' में सम्मिलित कवियों की संख्या कितनी है?
(a) लगभग एक हज़ार
(b) लगभग तीन हज़ार
(c) लगभग चार हज़ार
(d) लगभग पाँच हज़ार

137. 'अति सूधो स्नेह को मारग है'– किसकी पंक्ति है ?
(a) घनानंद
(b) बिहारी
(c) सूरदास
(d) तुलसीदास

138. 'संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदन' –सूत्र का प्रयोक्ता कौन है?
(a) अज्ञेय
(b) धूमिल
(c) मुक्तिबोध
(d) विजयदेव नारायण साही

139. मुंशी प्रेमचंद के उर्दू उपन्यास 'चौगाने हस्ती' का अनुवाद उन्होंने किस नाम से किया ?
(a) रंगभूमि
(b) प्रेमाश्रम
(c) सेवा सदन
(d) गबन

140. मनोवैज्ञानिक आलोचक हैं

(a) मैथ्यू आर्नल्ड
(b) आई.ए. रिचर्ड्स
(c) क्रौच
(d) कॉलरिज

141. कौन मार्क्सवादी आलोचक नहीं हैं ?

(a) माओत्स तुंग
(b) लुकाच
(c) काडवेल
(d) जॉन ड्राइडन

142. निम्न में कौन अस्तित्ववादी नहीं है ?

(a) सार्त्र
(b) पॉल टिलिश
(c) मलार्मे
(d) यास्पर्स

143. किस आचार्य का सिद्धांत चित्र-तुरंग-न्याय पर आधारित है ?

(a) शंकुक
(b) भट्ट लोल्लट
(c) भट्ट नायक
(d) अभिनव गुप्त

144. 'विशिष्टापद रचना रीतिः' किसका कथन है ?

(a) कुंतक
(b) आनंदवर्धन
(c) भरत
(d) वामन

145. 'सूरसागर' की रचना श्रीमद् भागवत की पद्धति पर कितने स्कन्धों में हुई है ?

(a) आठ
(b) बारह
(c) अठारह
(d) चौदह

146. सूरदास की रामकथा प्रभावित है

(a) रामचन्द्रिका से
(b) मानस से
(c) वाल्मीकि रामायण से
(d) इनमें से कोई नहीं

147. "साधना के क्षेत्र में जो ब्रह्म है, साहित्य के क्षेत्र में वही रहस्यवाद है" – यह किसका कथन है ?

(a) बाबू गुलाबराय
(b) डॉ. रामकुमार वर्मा
(c) आचार्य द्विवेदी
(d) आचार्य शुक्ल

148. 'विज्ञानगीता' किसकी कृति है ?

(a) चिंतामणि
(b) भूषण
(c) केशव
(d) मतिराम

149. 'लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोहिं तो मोरे कवित्त बनावत' पंक्ति है

(a) ठाकुर
(b) घनानंद
(c) नंददास
(d) भिखारी दास

150. 'साकेत' शीर्षक महाकाव्य का अर्थ है

(a) अयोध्या
(b) स्वर्गलोक
(c) द्वारका
(d) वृन्दावन